इकाई 13 मॉडल चयन मापदंड*

इकाई की रूपरेखा

13.0 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई का अध्ययन करने के बाद आप इस योग्य होंगे कि–

- किसी अर्थमितीय मॉडल के सही विनिर्देशन का महत्व समझ सकें;
- अर्थमितीय मॉडलों के विनिर्देशन में महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान कर सकें;
- किसी अप्रासंगिक चर को शामिल करने के परिणामों का पता लगा सकें;
- किसी प्रासंगिक चर को शामिल न करने के परिणामों का पता लगा सकें; तथा
- आश्रित और स्वतंत्र चरों में मापन की त्रुटियों के प्रभाव का पता लगा सकें।

13.0 विषय–प्रवेश

इस पाठ्यक्रम की पिछली इकाइयों में हमने विभिन्न अर्थमितीय उपकरणों के बारे में चर्चा की है। हमने पारम्परिक दो–चर समाश्रयण मॉडल के साथ शुरुआत की। बाद में हमने इसे पारम्परिक बहु समाश्रयण मॉडल में विस्तारित किया। फिर साधारण न्यूनतम वर्ग (OLS) पद्धति को पूरा करने के चरणों पर विस्तार से चर्चा की गई।

आपको याद ही होगा कि पारम्परिक समाश्रयण मॉडल कुछ अवधारणाओं पर आधारित है। जब इन अवधारणाओं का पालन किया जाता है तो उक्त वर्ग (OLS) के आकलक सर्वोत्तम रैखिक अनभिनत आकलक (BLUE) सिद्ध होते हैं। जब इन अवधारणाओं का उल्लंघन किया जाता है तो ये आकलक (OLS) सर्वोत्तम रैखिक और अनभिनत नहीं रहते – वे अपने

---

* डॉ॰ सहबा फातिमा, स्वतंत्र शोधकर्ता, लखनऊ।

कुछ वांछनीय गुणों को खो देते हैं। अतः जब किन्हीं पारंपरिक अवधारणाओं का पालन नहीं किया जाता है तो हमें कोई अन्य आकलन पद्धति अपनानी पड़ती है।

अब तक हमारा उद्देश्य यह समझाना रहा है कि विभिन्न आकलन विधियों को कैसे लागू किया जाता है। आइए, अब हम अर्थमितीय मॉडलों के विनिर्देशन से संबंधित कुछ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार करते हैं।

13.2 अर्थमितीय मॉडल के विनिर्देशन में मुद्दे

कोई भी मॉडल वास्तविकता के किसी न किसी सरलीकृत संस्करण को इंगित करता है। यह सरलीकृत रूप हमें आर्थिक व्यवहार की व्याख्या करने, विश्लेषण करने और पूर्वानुमान व्यक्त करने में मदद करता है। एक आर्थिक मॉडल किसी परिवार अथवा फर्म जैसे किसी व्यष्टि–अर्थशास्त्रीय अभिकर्ता के लिए हो सकता है। दूसरी ओर, समष्टि अर्थशास्त्र में यह समग्र अर्थव्यवस्था के व्यवहार का प्रतिनिधित्व करता है।

किसी भी आर्थिक मॉडल में हम प्रासंगिक आर्थिक चरों (जैसे आय, उत्पादन, व्यय, निवेश, बचत, निर्यात, आदि) की पहचान करते हैं और उनके बीच संबंध स्थापित करते हैं। इन चरों के बीच संबंधों को आरेखों अथवा गणितीय समीकरणों के माध्यम से व्यक्त किया जा सकता है। हालाँकि गणितीय निष्पीड़न के बिना भी आर्थिक मॉडल हो सकते हैं, परंतु ऐसे मॉडल संभवतः सटीक न हों।

इस पाठ्यक्रम की इकाई 1 से आपको याद ही होगा कि किसी भी अर्थमितीय अध्ययन में हमें आठ चरणों का पालन करना होता है। इनमें पहले तीन चरण इस प्रकार हैं –

1. सिद्धांत अथवा परिकल्पना की कोई समुक्ति तैयार करना;
2. उक्त सिद्धांत के गणितीय मॉडल की विस्तारपूर्वक व्याख्या करना; तथा
3. अर्थमितीय मॉडल की विस्तारपूर्वक व्याख्या करना।

किसी सिद्धांत अथवा तर्क के आधार पर ही किसी परिकल्पना की रचना करते हैं। इस परिकल्पना को फिर हम गणितीय पदों में निर्दिष्ट करते हैं। इसके अलावा, हम इसे किसी अर्थमितीय मॉडल में बदलने के लिए इसमें कोई प्रसंभाव्य त्रुटि पद (u_i) जोड़ देते हैं। इसके बाद हम अपनी आकलन विधि (जैसे OLS, GLS, अधिकतम संभावना, आदि) पर निर्णय लेते हैं।

13.2.1 मॉडल का विनिर्देशन

किसी भी अर्थमितीय मॉडल की रचना करते समय हम सबसे पहले अपने मॉडल के पीछे के तर्क अथवा सिद्धांत पर विचार करते हैं। तदोपरांत ही हम अपने अनुभवजन्य अथवा सुव्यवस्थित सरोकारों पर विचार करते हैं। आकलित प्राचलों की सटीकता और किसी मॉडल से निकाले गए निष्कर्ष उस मॉडल के सही विनिर्देशन पर ही निर्भर करते हैं।

किसी भी अर्थमितीय मॉडल में कोई आश्रित चर, एक या एक से अधिक स्वतंत्र चर और त्रुटि पद शामिल होते हैं। किसी भी आश्रित चर को स्वतंत्र चरों द्वारा तार्किक रूप से समझाया जाना चाहिए।

आगे हम समाश्रयण मॉडल के फलनिक रूप पर विचार करेंगे, जिसे सही ढंग से निर्दिष्ट किया जाना चाहिए। चलिए, इस बात को एक उदाहरण के माध्यम से समझते हैं।

किसी भी फर्म के मामले में हम यह मानकर चलते हैं कि उत्पादन के दो उपादान होते हैं, यथा– पूँजी और श्रम। सभी प्रकार के श्रम को हम एक ही सजातीय श्रेणी में जोड़कर देखते हैं– कार्यक्षेत्र में हम किसी प्रबंधक और किसी कार्यकर्ता के बीच अंतर नहीं करते

हैं। तदनुसार, आपको याद रखना चाहिए कि किसी भी मॉडल में हम विवरणों की उपेक्षा करते हैं और प्रमुख मुद्दों पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं।

दूसरे, हम मानते हैं कि उत्पादन फलन एक विशेष रूप ले लेता है, माना कॉब–डगलस उत्पादन फलन। फिर भी याद रखें कि यह एक अवधारणा मात्र है! वास्तव में उत्पादन फलन कोई अन्य रूप भी ले सकता है। अतः हमें मॉडल के फलनिक रूप (समाश्रयण समीकरण) की तार्किक व्याख्या करनी होगी।

समाश्रयण विश्लेषण इस अवधारणा से ही अपनी दृढ़ता अर्जित करता है कि अध्ययन के अंतर्गत अर्थमितीय मॉडल सही ढंग से निर्दिष्ट होता है। इस पाठ्यक्रम की इकाई 4 में हमने सभी आकलन इस प्रकार निर्दिष्ट किए कि अर्थमितीय मॉडल उस मॉडल में प्राचलों का दक्ष आकलन ही प्रस्तुत करे। साधारण न्यूनतम वर्ग (OLS) विधि इस अवधारणा पर आधारित है कि समाश्रयण मॉडल सही ढंग से निर्दिष्ट होता है। सही विनिर्देशन में तीन महत्वपूर्ण तत्व होते हैं, यथा –

(i) मॉडल में सभी आवश्यक स्वतंत्र चर शामिल होते हैं,

(ii) मॉडल में कोई अनावश्यक चर शामिल नहीं होता, और

(iii) मॉडल को सही फलनिक रूप का उपयोग करके ही निर्दिष्ट किया जाता है।

13.2.2 मूल अवधारणाओं का उल्लंघन

कोई भी आर्थिक मॉडल कुछ अवधारणाओं पर आधारित होता है। याद करें कि हमने बहु समाश्रयण मॉडल के संबंध में निम्नलिखित अवधारणाएँ (देखें इकाई 7) प्रस्तुत की थीं –

a) समाश्रयण मॉडल प्राचलों में रेखीय होता है।

b) $E(X_i u_i) = 0$ (समाश्रयी गैर–प्रसंभाव्य होता है)

c) $E(u_i) = 0$

d) $E(u_i)^2 = \sigma^2$

e) $E(u_i u_j) = 0$ क्योंकि $i \neq j$

f) व्याख्यात्मक चर (X_i) एक दूसरे से स्वतंत्र होते हैं।

आइए, अब एक–एक करके उपर्युक्त अवधारणाओं के निहितार्थ समझते हैं–

अवधारणा (a) के अनुसार, समाश्रयण मॉडल प्राचलों में रैखिक होता है। मानक समाश्रयण मॉडल आमतौर पर निम्नलिखित रूप लेता है –

$$Y_i = \beta_1 + \beta_2 X_{2i} + \beta_3 X_{3i} + u_i \qquad \text{... (13.1)}$$

समीकरण (13.1) प्राचलों में रैखिक है (उदाहरण के लिए, यहाँ β_i^2 की भाँति कोई पद नहीं है) और यह चरों में भी रैखिक ही है। गैर–रेखीय समाश्रयण मॉडल के उदाहरण हैं– लघुगणकीय फलन, तार्किक फलन, त्रिकोणमितीय फलन, घातीय फलन आदि। गैर–रैखिक मॉडलों के आकलन के लिए OLS विधि प्रयोग नहीं की जा सकती है।

अवधारणा (b) के अनुसार,चर X_i और u_i स्वतंत्र होता हैं। तदनुसार, यदि हम X_i मानों को यादृच्छिक रूप से लेते हैं तो X_i और u_i दोनों की संयुक्त प्रायिकता शून्य नहीं होगी। इस समस्या से बचने के लिए हम यह मानकर चलते हैं कि X_i गैर–प्रसंभाव्य होता है। सभी व्याख्यात्मक चर पुनरावृत्त प्रतिदर्शन में तय किए जाते हैं।

अवधारणा (c) के अनुसार, त्रुटि पद (u_i) का माध्य शून्य होता है। व्यक्तिगत प्रेक्षणों में त्रुटियाँ हो सकती हैं; कुल मिलाकर ये त्रुटियाँ निरस्त हो ही जाती हैं। यदि $E(u_i) \neq 0$ हो तो OLS अवरोधन पद (β_1) का OLS आकलक अभिनत ही होगा। यहाँ समाश्रयी प्राचलों के आकलक β_2 और β_3 अनभिनत मान निम्नवत् होगा –

$$E(Y_i) = E(\beta_1 + \beta_2 X_{2i} + \beta_3 X_{3i} + u_i)$$

याद रखें कि β_i मॉडल के प्राचल होते हैं। ये स्थिरांक होते हैं। अपने सभी प्रतिदर्शों में हम X_i को निर्धारित मानकर चल रहे हैं। तदनुसार,

$$E(Y_i) = \beta_1 + \beta_2 X_{2i} + \beta_3 X_{3i} + E(u_i) \qquad \text{... (13.2)}$$

यदि $E(u_i) = 3$, हो तो हम कह सकते हैं कि

$$E(Y_i) = \beta_1 + \beta_2 X_{2i} + \beta_3 X_{3i} + 3$$

अतः अवरोधन पद $(\beta_1 + 3)$ होगा।

शेष तीन अवधारणाओं के संदर्भ में याद रखें कि –

- यदि अवधारणा (d) का उल्लंघन किया जाता हैतो हमें विषमविसारिता की समस्या का सामना करना पड़ता है, जिस पर विस्तृत चर्चा इकाई 11 में की गई है।
- यदि अवधारणा (e) का उल्लंघन किया जाता है तो हमारे समक्ष स्वसहसंबंध की समस्या उत्पन्न होती है, जिस पर विस्तृत चर्चा हमने इकाई 12 में की है।
- यदि अवधारणा (f) का उल्लंघन किया जाता है तो हमें बहुसंरेखता की समस्या का सामना करना पड़ता है, जिस पर विस्तृत चर्चा इकाई 10 में की गई है।

बोध प्रश्न 1

1) पारंपरिक समाश्रयण मॉडल की सभी अवधारणाओं को सूचीबद्ध करें।

....

....

....

....

....

2) क्या आप इस बात सहमत हैं कि अर्थमितीय मॉडल का सही विनिर्देशन महत्वपूर्ण है? क्यों?

....

....

....

....

....

3) पारंपरिक समाश्रयण मॉडल की मूल अवधारणाओं के उल्लंघन के क्या निहितार्थ होते हैं? स्पष्ट करें।

....

....

....

....

....

4) किसी अर्थमितीय मॉडल में ऐसी तीन प्रकार की विनिर्देश त्रुटियों को सूचीबद्ध करें जिनका हमें प्रायः सामना करना पड़ता है।

....

....

....

....

....

13.3 विनिर्देशन में त्रुटियों के परिणाम

जैसा कि ऊपर बताया गया है, किसी भी अर्थमितीय मॉडल में हम आमतौर पर तीन प्रकार की समस्याओं का सामना करते हैं, यथा –

1) अप्रासंगिक/अनावश्यक चरों का समावेश

2) मॉडल में प्रासंगिक चरों का छूट जाना

3) मॉडल का त्रुटिपूर्ण फलनिक रूप

उपर्युक्त प्रत्येक समस्या का परिणाम किसी भिन्न प्रकार की अभिनत त्रुटि में दिखाई देता है। चलिए, अब इनमें से प्रत्येक समस्या पर कुछ विस्तार से चर्चा करते हैं।

13.3.1 अप्रासंगिक चरों का समावेश

आइए, उस स्थिति पर विचार करें जहाँ हमारे समाश्रयण मॉडल में कुछ अप्रासंगिक चर शामिल हो गए हैं। मान लीजिए कि वास्तविक मॉडल निम्नवत् है–

$$Y_i = \beta_0 + \beta_1 X_{1i} + u_i \quad \text{... (13.3)}$$

परंतु इसमें किसी प्रकार एक अनावश्यक चर शामिल कर लिया गया है, यथा हम निम्नलिखित समीकरण का आकलन करते हैं –

$$Y_i = \beta_{0s} + \beta_{1s} X_{1i} + \beta_{2s} X_{2i} + v_i \quad \text{... (13.4)}$$

अपने वास्तविक मॉडल (13.3) के लिए समाश्रयण गुणांक को निम्नवत् व्यक्त किया जाता है –

$$\hat{\beta}_1 = \frac{\sum y x_1}{\sum x_1^2} \quad \text{... (13.5)}$$

जो कि अनभिनत है।

उक्त मॉडल (13.4) जो हमने लिया है, के लिए हमें प्राप्त होता है–

$$\tilde{\beta}_1 = \hat{\beta}_{1s} = \frac{(\sum yx_1)(\sum x_2^2) - (\sum yx_2)(\sum x_1x_2)}{\sum x_1^2 \sum x_2^2 - (\sum x_1x_2)^2} \quad \text{... (13.6)}$$

अब विचलन रूप में वास्तविक मॉडल निम्नवत् होगा –

$$y_i = \beta_1 x_1 + (u_i - \bar{u}) \quad \text{... (13.7)}$$

समीकरण (13.7) से y_i का मान लेकर और उसे समीकरण (13.6) में प्रतिस्थापित कर हल करने पर हमें प्राप्त होता है –

$$E(\tilde{\beta}_1) = E(\hat{\beta}_{1s}) = \beta_1 \frac{\sum x_1^2 \sum x_2^2 - (\sum x_1x_2)^2}{\sum x_1^2 \sum x_2^2 - (\sum x_1x_2)^2} \quad \text{... (13.8)}$$

समीकरण (13.8) से हमें ज्ञात होता है कि

$E(\tilde{\beta}_1) = \beta_1$

इस प्रकार, अप्रासंगिक चर का समावेश हमें पद β_1 का एक अनभिनत आकलक प्रदान करता है। अनावश्यक चर $\hat{\beta}_{2s}$ का आकलक निम्नवत् दर्शाया जाता है –

$$\hat{\beta}_{2s} = \frac{(\sum yx_2)(\sum x_1^2) - (\sum yx_1)(\sum x_1x_2)}{\sum x_1^2 \sum x_2^2 - (\sum x_1x_2)^2} \quad \text{... (13.9)}$$

यदि समीकरण (13.7) से y_i का मान लेकर हम समीकरण (13.9) में प्रतिस्थापित कर दें और फिर पदों को पुनर्व्यवस्थित कर दें तो हमें प्राप्त होगा –

$$E(\tilde{\beta}_2) = E(\hat{\beta}_{2s}) = \beta_2 \frac{(\sum x_1x_2)(\sum x_1^2) - (\sum x_1x_2)(\sum x_1^2)}{\sum x_1^2 \sum x_2^2 - (\sum x_1x_2)^2} \quad \text{... (13.10)}$$

तदनुसार, $E(\tilde{\beta}_2) = E(\hat{\beta}_{2s}) = 0$

इस प्रकार, हम देखते हैं कि पद $\hat{\beta}_{2s}$ जो वास्तविक मॉडल से गायब है, अपना गुणांक 0 दर्शाता है। तदनुसार, हमें दोनों ही प्राचलों के लिए अनभिनत आकलक प्राप्त होते हैं।

यह हमें इस निष्कर्ष पर ले जाता है कि अप्रासंगिक चरों को शामिल करना उतना हानिकारक नहीं होता जितना कि प्रासंगिक चरों को छोड़ देना। जब इस मॉडल में कोई अतिरिक्त चर जोड़ा जाता है तो हम देखते हैं कि R-वर्गित में वृद्धि हुई है। बहरहाल, इन प्राचलों का विचरण दक्ष नहीं होगा। अतएव, उक्त मॉडल में अप्रासंगिक चरों के समावेशन की प्रकृति में विनिर्देशन त्रुटि इन प्राचलों के अनभिनत परंतु अदक्ष न्यूनतम वर्ग आकलकों को जन्म देगी।

अधिक बड़ा विचरण आकलनों की सटीकता को कम करता है, जिसके फलस्वरूप व्यापक विश्वास्यता अंतराल दिखाई देने लगते हैं। इससे टाइप-II प्रकार की त्रुटि हो सकती है, यथा वैकल्पिक परिकल्पना के वस्तुतः सत्य होने पर भी किसी शून्य–स्तरीय परिकल्पना को निरस्त न किए जाने की गलती।

13.3.2 प्रासंगिक चरों का छूट जाना

चलिए, अब हम मानावली के दूसरे पक्ष पर गौर करते हैं – किसी प्रासंगिक चर को छोड़ देना। चूँकि कि हमारे मॉडल में कोई प्रासंगिक चर शामिल नहीं है (हालाँकि यह आश्रित चर को प्रभावित करता है), इसके प्रभाव को अवशिष्ट में शामिल किया जाएगा। परिणामतः यह शेष गॉस–मार्कोव प्रमेय द्वारा अपेक्षित श्वेत रव (सफेद शोर) सिद्ध होने के बजाय एक सुव्यवस्थित प्रतिमान दर्शाएगा। साथ ही, समाविष्ट चर का गुणांक अभिनत प्राप्त होगा।

माना कि वास्तविक समीकरण (विचलन रूप में) निम्नवत् है –

$$y = \beta_1 x_1 + \beta_2 x_2 + u \quad \text{... (13.11)}$$

समीकरण (13.11) का आकलन करने की बजाय मान लीजिए कि हम पद x_2 को मिटा देते हैं या छोड़ देते हैं। अब इस समीकरण का आकलन किया जाएगा–

$$y = \beta_1^* x_1 + e \qquad \text{... (13.12)}$$

समीकरण (13.12) छोड़ दिए गए चर का उदाहरण प्रस्तुत करता है, और इस कारण यह त्रुटिपूर्ण मॉडल विनिर्देशन कहलाएगा। इस छोड़ दिए गए चर वाले मॉडल (त्रुटिपूर्ण मॉडल) मे β_1^* का आकलन निम्नवत् होगा –

$$\hat{\beta}_1^* = \frac{\sum x_1 y}{\sum x_1^2} \qquad \text{... (13.13)}$$

सही मॉडल (समीकरण (13.11)) की तुलना में त्रुटिपूर्ण मॉडल (समीकरण (13.12)) के आकलित मान β_1 में अभिनति की गणना करने के लिए हम निम्नलिखित चरण अपनाते हैं–

समीकरण (13.11) में वास्तविक मॉडल से y के निष्पीड़न को प्रतिस्थापित करने पर हमें यह समीकरण प्राप्त होता है –

$$\hat{\beta}_1^* = \frac{\sum x_1(\beta_1 x_1 + \beta_2 x_2 + u)}{\sum x_1^2} = \beta_1 + \beta_2 \frac{\sum x_1 x_2}{\sum x_1^2} + \frac{\sum x_1 u}{\sum x_1^2} \qquad \text{... (13.14)}$$

चूँकि $E(\sum x_1 u) = 0$ होता है, हमें निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होगा–

$$E(\hat{\beta}_1^*) = \beta_1 + b_{21}\beta_2 \qquad \text{... (13.15)}$$

जहाँ $b_{21} = \frac{\sum x_1 x_2}{\sum x_1^2}$ ही चर x_1 पर x_2 (छोड़ दिया गया चर) के किसी समाश्रयण से प्राप्त 'समाश्रयण गुणांक' कहलाएगा।

तदनुसार, पद $\hat{\beta}_1^*$ पद β_1 के लिए एक अनभिनत आकलक होगा और यह अभिनति निम्नवत् दर्शायी जाएगी–

अभिनति = (बहिष्कृत चर का गुणांक) **×** (समाविष्ट चर पर बहिष्कृत चर में समाश्रयण से प्राप्त समाश्रयण गुणांक) ... (13.16)

अपने विचलन रूप में यह तीन–चर समष्टि समाश्रयण मॉडल निम्नवत् लिखा जा सकता है–

$$y_i = \beta_2 x_{2i} + \beta_3 x_{3i} + (u_i - \bar{u}) \qquad \text{... (13.17)}$$

उपर्युक्त को पहले चर x_2 से और फिर चर x_2 से बारी–बारी गुणा करके हमें सामान्य समीकरण निम्नवत् प्राप्त होंगे –

$$\sum y_i x_{2i} = \beta_2 \sum x_{2i}^2 + \beta_3 \sum x_{2i} x_{3i} + \sum x_{2i}(u_i - \bar{u}) \qquad \text{... (13.18)}$$

$$\sum y_i x_{3i} = \beta_2 \sum x_{2i} x_{3i} + \beta_3 \sum x_{3i}^2 + \sum x_{3i}(u_i - \bar{u}) \qquad \text{... (13.19)}$$

समीकरण (13.18) के दोनों पक्षों को $\sum x_{2i}^2$ से भाग देकर हमें निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होगा –

$$\frac{\sum y_i x_{2i}}{\sum x_{2i}^2} = \beta_2 + \beta_3 \frac{\sum x_{2i} x_{3i}}{\sum x_{2i}^2} + \frac{\sum x_{2i}(u_i - \bar{u})}{\sum x_{2i}^2} \qquad \text{... (13.20)}$$

तदनुसार, हमें प्राप्त होता है –

$$b_{y2} = \frac{\sum y_i x_{2i}}{\sum x_{2i}^2}$$

$$b_{32} = \frac{\sum x_{2i} x_{3i}}{\sum x_{2i}^2}$$

अतः समीकरण (13.20) निम्नवत् भी लिखा जा सकता है –

$$b_{y2} = \beta_2 + \beta_3 b_{32} + \frac{\sum x_{2i}(u_i - \bar{u})}{\sum x_{2i}^2} \quad \text{... (13.21)}$$

समीकरण (13.21) का प्रत्याशित मान लेकर हमें प्राप्त निम्नलिखित समीकरण होता है–

$$E(b_{y2}) = \beta_2 + \beta_3 b_{32} \quad \text{... (13.22)}$$

इसी प्रकार, यदि चर x_2 को मॉडल से निकाल दिया जाता है तो पद $E(b_{y3})$ में अभिनति की गणना की जा सकेगी।

पद β_1^* (त्रुटिपूर्ण मॉडल का प्राचल) का विचरण सामान्य विचरण हेतु प्रयुक्त सूत्र का प्रयोग करके भी अवकलित किया जा सकता है। चूँकि यह थोड़ा जटिल है, हम इसे यहाँ प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। यह ध्यान देने की बात है कि चर β_1^* का विचरण चर β_1 के विचरण की तुलना में अधिक है। उपर्युक्त का एक निहितार्थ यह भी है कि यदि किन्हीं प्रासंगिक चरों को किसी मॉडल से बाहर रखा जाता है तो प्राचलों से संबंधित सार्थकता के सामान्य परीक्षण अमान्य हो जाते हैं।

इस प्रकार, हमें ज्ञात होता है कि–

(i) जब मॉडल में कोई अप्रासंगिक चर शामिल कर लिया जाता है तो (a) प्राचलों के आकलक अनभिनत होते हैं, (b) आकलकों की दक्षता में गिरावट आती है, और (c) त्रुटि विचरण का आकलक अनभिनत होता है। तदनुसार, परिकल्पना के पारंपरिक परीक्षण मान्य हैं। हालाँकि निकाले गए निष्कर्ष किंचित त्रुटिपूर्ण हो सकते हैं।

(ii) जब किसी प्रासंगिक चर को मॉडल से हटा दिया जाता है तो (a) प्राचलों के आकलक अनभिनत होते हैं, (b) आकलकों की दक्षता में गिरावट आती है, और (c) त्रुटि विचरण का आकलक अभिनत होता है। तदनुसार, परिकल्पना के पारंपरिक परीक्षण अमान्य हैं – निकाले गए निष्कर्ष त्रुटिपूर्ण हैं।

13.3.3 त्रुटिपूर्ण फलनिक रूप

अर्थमितीय मॉडल में केवल प्रासंगिक चरों को शामिल करने से भिन्न, एक अन्य विनिर्देशन त्रुटि उसके फलनिक रूप से संबंध रखती है। शोधकर्ताओं की ओर से चरों के बीच एक रैखिक संबंध माने जाने की प्रवृत्ति देखी जाती है। हालाँकि यह हमेशा सच नहीं होता है। यदि वास्तविक संबंध गैर–रेखीय हो और हम आकलन के लिए कोई रेखीय समाश्रयण मॉडल लें तो हम सही निष्कर्ष नहीं निकाल पाएँगे। फलनिक रूपों में से चुनने के लिए अनेक परीक्षण आँकड़े उपलब्ध हैं। हम इन परीक्षण आँकड़ों पर चर्चा इकाई 14 में करेंगे।

बोध प्रश्न 2

1) किसी अप्रासंगिक चर को मॉडल में शामिल करने के परिणामों की व्याख्या करें।

....

....

....

....

....

....

2) किसी प्रासंगिक चर को मॉडल से बाहर करने के परिणामों की व्याख्या करें।

....

....

....

....

....

....

13.4 चरों में मापन की त्रुटि

अब तक हम यह मानकर चले हैं कि अध्ययन के तहत अर्थमितीय मॉडल में चरों को सही ढंग से मापा जाता है। इसका अर्थ है कि व्याख्या किए गए और व्याख्या किए जाने वाले दोनों ही प्रकार के चरों में कोई मापन त्रुटि नहीं होती। कभी–कभी हमारे पास ऐसे चरों पर आँकड़ों का अभाव होता है जिन्हें हम मॉडल में प्रयोग करना चाहते हैं। ऐसा विभिन्न कारणों से हो सकता है, यथा– अननुक्रिया त्रुटि, रिपोर्टिंग त्रुटि और कंप्यूटिंग त्रुटि।

मापन त्रुटि का एक उत्कृष्ट उदाहरण मिल्टन फ्रीडमैन मॉडल में प्रयुक्त परिवर्तनीय स्थायी आय से संबंधित है। अर्थमितीय अध्ययनों में चरों की मापन संबंधी त्रुटि एक गंभीर समस्या बन जाती है। ये मापन त्रुटियाँ दो प्रकार की होती हैं, यथा –

1) आश्रित चर में मापन त्रुटि, और

2) स्वतंत्र चर में मापन त्रुटि।

13.4.1 आश्रित चर में मापन त्रुटि

आइए, नीचे दिए गए मॉडल पर विचार करें –

$$Y_i^* = \alpha + \beta X_i + u_i \qquad \text{... (13.23)}$$

जहाँ Y_i^* स्थायी उपभोग व्यय है

X_i वर्तमान आय है, और

u_i प्रसंभाव्य बाधा पद है

(हम उस चर को तारांकित (*) कर देते हैं जिसे त्रुटियों के साथ मापा जाता है)

चूँकि Y_i^* सीधे मापने योग्य नहीं है, हम एक प्रेक्षणीय व्यय चर Y_i का प्रयोग कर सकते हैं, जैसे कि –

$$Y_i = Y_i^* + e_i \qquad \text{... (13.24)}$$

जहाँ e_i चर Y_i^* में मापन त्रुटि इंगित करता है।

अतएव,

$Y_i^* = \alpha + \beta X_i + u_i$ का आकलन करने की बजाय हम निम्नलिखित का आकलन करते हैं–

$$Y_i = \alpha + \beta X_i + u_i + e_i = \alpha + \beta X_i + (u_i + e_i)$$

चलिए, उपर्युक्त समीकरण को निम्नलिखित रूप में पुनः लिखते हैं–

$Y_i = \alpha + \beta X_i + v_i$ ... (13.25)

जहाँ $v_i = u_i + e_i$

समीकरण (13.25) में हम चर v_i को समष्टि बाधा पद (u_i) और मापन त्रुटि पद (e_i) वाले एक संयुक्त त्रुटि पद के रूप में लेते हैं।

चलिए, मान लेते हैं कि निम्नलिखित पारंपरिक अवधारणाएँ सर्वथा सिद्ध हैं–

a) E(u_i) = E(e_i) = 0

b) Cov (X_i, u_i) = 0

c) Cov (u_i, e_i) = 0

उपरोक्त (c) का एक निहितार्थ यह भी है कि प्रसंभाव्य त्रुटि पद और मापन त्रुटि पद परस्पर असंबद्ध हैं। तदनुसार, संयुक्त त्रुटि पद का प्रत्याशित मान शून्य होगा; यथा इसे $E(v) = 0$ लिखा जा सकता है। इकाई 4 में दिए गए तर्क का विस्तार करके हम कह सकते हैं कि $E(\hat{\beta}) = \beta$ होता है। इसका अर्थ है कि चर $\hat{\beta}$ अनभिनत है।

आइए, अब हम आश्रित चर में मापन त्रुटि होने की स्थिति में विचरण के विषय पर विचार करते हैं। जैसा कि आप जानते हैं, दो–चर समाश्रयण मॉडल (13.23) में आकलक $\hat{\beta}$ का विचरण निम्नलिखित द्वारा दिया जाता है–

Var($\hat{\beta}$) = $\frac{\sigma_u^2}{\sum x_i^2}$,

संयुक्त त्रुटि पद के लिए उपर्युक्त निम्नवत् नजर आएगा–

Var($\hat{\beta}$) = $\frac{\sigma_u^2 + \sigma_e^2}{\sum x_i^2} = \frac{\sigma_v^2}{\sum x_i^2}$ ... (13.26)

इस प्रकार हम देखते हैं कि यदि आश्रित चर में मापन त्रुटि हो तो त्रुटि पद का विचरण अधिक बड़ा होता है। यह आकलकों की अदक्षता की ओर ले जाता है। अतः इन्हें सर्वोत्तम रैखिक अनभिनत आकलक (BLUE) नहीं कहा जा सकता है।

13.4.2 स्वतंत्र चर में मापन त्रुटि

व्याख्यात्मक चरों में भी मापन त्रुटि हो सकती है। चलिए, मान लेते हैं कि वह वास्तविक समाश्रयण मॉडल जिसका आकलन किया जाना है, निम्नवत् है–

$Y_i = \alpha + \beta X_i^* + u_i$ ... (13.27)

मान लीजिए कि हमारे पास चर X_i^* पर आँकड़े उपलब्ध नहीं हैं। दूसरी ओर, मान लीजिए कि हमारे पास चर X_i पर आँकड़े उपलब्ध हैं। ऐसी स्थिति में X_i^* का अवलोकन करने की बजाय हम निम्नलिखित समीकरण का अवलोकन करेंगे –

$X_i = X_i^* + w_i$ ... (13.28)

जहाँ w_i चर X_i^* में मापन की त्रुटि को निरूपित करता है।

स्थायी आय परिकल्पना मॉडल में, उदाहरण के लिए–

$Y_i = \alpha + \beta X_i^* + u_i$

जहाँ Y_i वर्तमान उपभोग व्यय है

X_i^* स्थायी आय है

u_i प्रसंभाव्य बाधा पद (समीकरण त्रुटि) है

समीकरण (13.27) और (13.28) से हमें ज्ञात होता है कि–

$$Y_i = \alpha + \beta(X_i - w_i) + u_i \qquad \text{... (13.29)}$$

$$= \alpha + \beta X_i + (u_i - \beta w_i)$$

$$= \alpha + \beta X_i + z_i \qquad \text{... (13.30)}$$

जहाँ $z_i = (u_i - \beta w_i)$ होता है। यह ध्यान देने की बात है कि चर z_i दो पदों से मिलकर बना है, यथा प्रसंभाव्य त्रुटि और मापन त्रुटि।

चलिए, अब मान लेते हैं कि चर w_i का माध्य शून्य है; यह क्रमिक रूप से स्वतंत्र है; और यह u_i से असंबद्ध है। इस स्थिति में भी संयुक्त त्रुटि पद z_i व्याख्यात्मक चर X_i से स्वतंत्र नहीं होगा।

$$\text{Cov}(z_i, X_i) = \text{E}[z_i - E(z_i)][X_i - E(X_i)]$$

$$= \text{E}(u_i - \beta w_i)(w_i)$$

$$= \text{E}(-\beta w_i^2)$$

$$= -\beta \sigma_w^2 \qquad \text{... (13.31)}$$

समीकरण (13.31) से हम पाते हैं कि स्वतंत्र चर और त्रुटि पद परस्पर संबद्ध हैं। यह संबंध पारंपरिक समाश्रयण मॉडल की इस मूल अवधारणा का उल्लंघन करता है कि व्याख्यात्मक चर प्रसंभाव्य बाधा पद से असंबद्ध होते हैं। ऐसी स्थिति में OLS आकलक न केवल अभिनत होते हैं, बल्कि असंगत भी होते हैं, अर्थात् वे अभिनत बने रहते हैं, भले ही प्रतिदर्श आकार n असीम रूप से बढ़ जाए।

बोध प्रश्न 3

1) आश्रित चरों में मापन त्रुटि के परिणामों की व्याख्या करें।

....

....

....

....

....

2) व्याख्यात्मक चरों में मापन त्रुटि के परिणामों की व्याख्या करें।

....

....

....

....

....

3) किसी आश्रित चर में मापन त्रुटि को किसी व्याख्यात्मक चर में मापन त्रुटि से कम दोषपूर्ण माना जाता है। क्यों?

....

....

....

....

....

13.5 सार–संक्षेप

किसी भी अर्थमितीय मॉडल का सही विनिर्देशन ही प्राप्त आकलनों की सटीकता को निर्धारित करता है। अतः सभी प्रकार के अर्थमितीय मॉडलों का सही विनिर्देशन बहुत महत्वपूर्ण होता है। आर्थिक सिद्धांत और तर्क ही अर्थमितीय मॉडलों के विनिर्देशन में हमारा मार्गदर्शन करते हैं।

किसी भी अर्थमितीय मॉडल को सही ढंग से निर्दिष्ट करने के लिए सभी प्रासंगिक व्याख्यात्मक चरों को उस मॉडल में शामिल किया जाना चाहिए। किसी भी प्रासंगिक व्याख्यात्मक चर को मॉडल से बाहर नहीं रखा जाना चाहिए। इसके अलावा, मॉडल का फलनिक रूप सही होना भी जरूरी होता है।

कभी–कभी हमें अर्थमितीय मॉडल में अपेक्षित उपयुक्त चर नहीं मिलते हैं। ऐसे मामलों में ऐसे उदाहरण भी हो सकते हैं जहाँ या तो आश्रित चर या फिर स्वतंत्र चर को कुछ त्रुटि के साथ मापा जाता है। आश्रित चर में मापन त्रुटि स्वतंत्र चर में मापन त्रुटि की तुलना में कम दोषपूर्ण मानी जाती है।

13.6 बोध प्रश्नों के उत्तर अथवा संकेत

बोध प्रश्न 1

1) पारंपरिक समाश्रयण मॉडल की मूल अवधारणाएँ निम्नवत् हैं–
   a) समाश्रयण मॉडल प्राचलों में रेखीय होता है।
   b) $E(X_i u_i) = 0$ (समाश्रयी गैर–प्रसंभाव्य होता है)
   c) $E(u_i) = 0$
   d) $E(u_i)^2 = \sigma^2$
   e) $E(u_i u_j) = 0$ क्योंकि $i \neq j$
   f) व्याख्यात्मक चर (X_i) एक दूसरे से स्वतंत्र होते हैं।
2) पाठांश 13.2 का अध्ययन करें। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि त्रुटिपूर्ण विनिर्देशन का आकलकों के वांछनीय गुणधर्मों पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।
3) पाठांश 13.2.2 को पढ़ें और उत्तर दें।
4) महत्वपूर्ण विशिष्ट मुद्दे हैं– अप्रासंगिक/अनावश्यक चरों का समावेश; प्रासंगिक चरों का छूट जाना; और मॉडल का त्रुटिपूर्ण फलनिक रूप।

बोध प्रश्न 2

1) आकलक अनभिनत परंतु अदक्ष है। पाठांश 13.3.1 देखें।

2) आकलक अभिनत होने के साथ–साथ अदक्ष भी है। पाठांश 13.3.2 देखें।

बोध प्रश्न 3

1) पाठांश 13.4.1 को पढ़ें और उत्तर दें।

2) पाठांश 13.4.2 को पढ़ें और उत्तर दें।

3) यदि आश्रित चर में मापन त्रुटि हो तो आकलक अनभिनत परंतु अदक्ष होगा। व्याख्यात्मक चर में मापन त्रुटि अभिनत आकलक के रूप में परिणाम देती है। विवरण के लिए पाठांश 13.4 देखें।

इकाई 14 विनिर्देशन त्रुटि हेतु परीक्षण*

इकाई की रूपरेखा

14.1 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई को पढ़ने के बाद आप इस योग्य होंगे कि–

- ऐसे अर्थमितीय मॉडलों की पहचान कर सकेंगे जो सही ढंग से निर्दिष्ट न हों;
- विनिर्देशन त्रुटि को ठीक करने के लिए उपचारात्मक उपाय कर सकें; तथा
- प्रतिस्पर्धी मॉडलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर सकें।

14.2 विषय–प्रवेश

पिछली इकाई में हमने विनिर्देशन त्रुटियों के परिणामों पर प्रकाश डाला था। आमतौर पर तीन प्रकार की विनिर्देशन त्रुटियाँ हो सकती हैं, यथा किसी अप्रासंगिक चर का समावेश, किसी प्रासंगिक चर का छूट जाना, और त्रुटिपूर्ण फलनिक रूप। जब कभी अर्थमितीय मॉडल को सही ढंग से निर्दिष्ट नहीं किया जाता है तो गुणांक आकलन, विश्वास्यता अंतराल और परिकल्पना परीक्षण भ्रामक और असंगत होते हैं। इसे देखते हुए, अर्थमितीय मॉडलों को सही ढंग से ही निर्दिष्ट किया जाना चाहिए।

किसी मॉडल का निर्माण करते समय हमें उस मॉडल को सही ढंग से निर्दिष्ट करने में बहुत–सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कुछ मामलों में आश्रित चर और स्वतंत्र चर के विषय में आर्थिक सिद्धांत काफी पारदर्शी होता है, जबकि कुछ अन्य मामलों में यह अभी भी एक परिकल्पना चरण में ही नजर आता है।

शोधकर्ता अभी भी दूसरों द्वारा सुझाई गई परिकल्पना की पुष्टि करने के लिए उस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। ऐसे मामलों में हमारे पास मात्र एक आश्रित चर और व्याख्यात्मक चरों की एक शृंखला होती है। इन व्याख्यात्मक चरों में से ही हमें सर्वाधिक उपयुक्त चरों का चयन करना होता है। अर्थमितीय सिद्धांत कुछ मानदंड और परीक्षण आँकड़े सुझाता है।

* डॉ॰ सहबा फतिमा, स्वतंत्र शोधकर्ता, लखनऊ।

इन मानदंडों के आधार पर ही हम सर्वाधिक उपयुक्त अर्थमितीय मॉडल का चयन करते हैं। आगे इनमें से ही कुछ मानदंडों का वर्णन किया गया है।

14.3 सर्वाधिक दक्ष मॉडल की पहचान हेतु परीक्षण

जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, अर्थमितीय मॉडल को सही ढंग से निर्दिष्ट किया जाना चाहिए। किसी भी मिथ्या संबंध की पहचान कर ली जानी चाहिए और उसे मॉडल से बाहर कर दिया जाना चाहिए। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु कुछ परीक्षण प्रचलित हैं। इन परीक्षणों का प्रयोग विशिष्ट परिस्थितियों में चरों की व्यावहारिक समझ और संबद्ध शास्त्रों के माध्यम से उसके एक प्रबुद्ध अध्ययन के संयोजन में किया जा सकता है। मॉडल परीक्षण और मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित परीक्षणों का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है।

14.3.1 R^2 परीक्षण और समायोजित—R^2 परीक्षण

हमने इकाई 4 में निर्धारण के गुणांक (R^2) की अवधारणा पर चर्चा की है। जैसा कि आप जानते हैं, निर्धारण का गुणांक किसी मॉडल की व्याख्यात्मक गुणवत्ता को इंगित करता है। यदि, उदाहरण के लिए, $R^2 = 0.76$ हो तो हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि आश्रित चर में 76 प्रतिशत विचरण को मॉडल में व्याख्यात्मक चर द्वारा समझाया गया है।

चर R^2 को हम निम्नवत् परिभाषित करते हैं –

$$R^2 = \frac{RSS}{TSS} = 1 - \frac{ESS}{TSS} \qquad \text{... (14.1)}$$

जहाँ TSS = वर्गों का कुल योगफल

ESS = वर्गों का परिभाषित योगफल

RSS = वर्गों का शेष योगफल

जैसा कि आपको ज्ञात है,

$$TSS = RSS + ESS \qquad \text{... (14.2)}$$

अब समीकरण (14.2) के दोनों पक्षों को TSS से विभाजित कर हमें ज्ञात होता है कि–

$$\frac{RSS}{TSS} + \frac{ESS}{TSS} = 1 \qquad \text{... (14.3)}$$

चूँकि $R^2 = \frac{ESS}{TSS}$, हम देखते हैं कि R^2 अनिवार्य रूप से 0 और 1 के बीच स्थित है। अंक 1 से इसकी निकटता मॉडल के अपेक्षाकृत अधिक उपयुक्त होने का संकेत देती है। यदि R^2 एक के निकट हो तो RSS का मान ESS के मान की तुलना में बहुत कम होता है। अतएव, बहुत कम ही शेष बचेगा। इस प्रकार, किसी उच्चतर R^2 वाले मॉडल को ही प्राथमिकता दी जाती है। बहरहाल, आप यह ध्यान रखें कि बहुत ही उच्च R^2 मान मॉडल में बहुसंरेखता की विद्यमानता को इंगित करता है यदि R^2 का मान तो अधिक हो परंतु गुणांकों का t–अनुपात सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण न हो तो आपको बहुसंरेखता की जाँच करनी चाहिए।

चर R^2 प्रतिदर्श आँकड़ों के आधार पर ही परिकलित किया जाता है। तदनुसार, मॉडल में सम्मिलित व्याख्यात्मक चरों पर ही R^2 के आकलन हेतु विचार किया जाता है। मॉडल में सम्मिलित नहीं किए गए चर आश्रित चर में विचरण के लिए उत्तरदायी नहीं होते।

अधिक व्याख्यात्मक चर जोड़े जाने पर R^2 वृद्धि की प्रवृत्ति दर्शाता है। तदनुसार, हम मॉडल की व्याख्यात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए और अधिक व्याख्यात्मक चर जोड़ने के लिए ललचाते हैं।

यदि हम किसी मॉडल में अप्रासंगिक व्याख्यात्मक चर जोड़ते हैं तो आकलक अनभिनत होते हैं, परंतु आकलकों के विचरण में वृद्धि अवश्य होती है। ऐसे मॉडलों के आधार पर ही हमारा पूर्वानुमान और विश्लेषण अविश्वसनीय हो जाता है।

उक्त कठिनाई को दूर करने के लिए ही हम 'समायोजित–R^2' का प्रयोग करते हैं। इसे $\bar{R}^2$ से इंगित किया जाता है और निम्नानुसार परिभाषित किया जाता है–

$$\bar{R}^2 = 1 - \frac{ESS/(n-k)}{TSS/(n-1)} = 1 - (1 - R^2)\frac{n-1}{n-k} \qquad \text{... (14.4)}$$

जहाँ n प्रेक्षणों की संख्या और k समाश्रयियों की संख्या है। जैसा कि आपको ज्ञात है TSS का मान $(n-1)$ अंकित स्वतंत्रता की कोटि दर्शाता है, जबकि ESS का मान $(n-k)$ अंकित स्वतंत्रता की कोटि दर्शाता है। तदनुसार, $\bar{R}^2$ मॉडल की स्वतंत्रता की कोटि को ध्यान में रखता है। पद $\bar{R}^2$ व्याख्यात्मक चर के अतिरिक्त को दण्डनीय ठहराता है। यह देखा गया है कि पद $\bar{R}^2$ में केवल तभी वृद्धि होती है जब अतिरिक्त व्याख्यात्मक चर का *t*-मान (निरपेक्ष संख्या) 1 से अधिक हो। अतः मिथ्या चरों को पहचान कर मॉडल से बाहर किया जा सकता है। यहाँ नियम यह है कि सभी स्वतंत्र चरों का एक ही आश्रित चर के प्रति समाश्रयण किया जाना है।

याद रखें कि हम $\bar{R}^2$ के किन्हीं दो मॉडलों की तुलना तभी कर सकते हैं जब उनके आश्रित चर एक समान हों। उदाहरण के लिए, यदि एक मॉडल में व्याख्यात्मक चर *Y* हो और दूसरे मॉडल में व्याख्यात्मक चर *log*Y हो तो हम इन दोनों मॉडलों की तुलना नहीं कर सकते हैं।

14.3.2 एकाइके सूचना मानदंड (AIC)

किसी भी मॉडल में मिथ्या विनिर्देशन की पहचान करने के लिए एक अन्य विधि एकाइके सूचना मानदंड (AIC) अपनाई जाती है। जैसा कि हम नीचे दिए गए सूत्र से देख सकते हैं, यह विधि समाश्रयियों की संख्या वृद्धि को भी दण्डनीय ठहराती है–

$$AIC = e^{2k/n} \sum \frac{\hat{u}_i^2}{n} = e^{2k/n} \frac{RSS}{n} \qquad \text{... (14.5)}$$

जहाँ k समाश्रयियों (व्याख्यात्मक चर) की संख्या है और n समुक्तियों की संख्या है।

समीकरण (14.5) को हम निम्नानुसार और भी सरल कर सकते हैं–

$$\ln AIC = \left(\frac{2k}{n}\right) + \ln\left(\frac{RSS}{n}\right) \qquad \text{... (14.6)}$$

जहाँ $\ln AIC$ मानदंड AIC का प्राकृतिक लघुगणक है, और $\frac{2k}{n}$ दंडकारक है।

याद रखें कि ln *AIC* के किसी भी निम्नतर मान वाले मॉडल को बेहतर माना जाता है। तदनुसार, जब हम AIC मानदंड का प्रयोग करके दो मॉडलों की तुलना करते हैं तो AIC के कम मान वाले मॉडल में बेहतर विनिर्देशन देखा जाता है। इसका कारण बड़ा ही सरल है। ऐसा कोई भी अर्थमितीय मॉडल जो वर्गों के शेष योगफल को कम करता हो, एक बेहतर निर्दिष्ट मॉडल कहलाता है।

14.3.3 श्वार्ज सूचना मानदंड

श्वार्ज सूचना मानदंड (SIC) भी ऊपर उल्लिखित AIC मानदंड की भाँति RSS के मान पर निर्भर करता है। यह विधि किसी अर्थमितीय मॉडल के त्रुटिहीन विनिर्देशन का विश्लेषण करने के लिए भी लोकप्रिय है। यहाँ SIC के मान को निम्नानुसार परिभाषित किया जाता है–

$$SIC = n^{k/n}\frac{\sum \hat{u}^2}{n} = n^{k/n}\frac{RSS}{n} \qquad \dots (14.7)$$

यदि इसे हम लघुगणक के रूप में लें तो समीकरण (14.7) निम्नवत् दर्शाया जाएगा –

$$\ln SIC = \frac{k}{n}\ln n + \ln\left(\frac{RSS}{n}\right) \qquad \dots (14.8)$$

जहाँ $[(k/n)\ln n]$ ही दंडकारक है। यह ध्यान देने की बात है कि SIC मानदंड AIC मानदंड की तुलना में व्याख्यात्मक चर को सम्मिलित करने के लिए एक कठोरतर दंड लगाता है।

14.3.4 मॉलो का C_p मानदंड

जब हम किसी मॉडल में सभी प्रासंगिक चर शामिल नहीं करते हैं तो हमारे आकलक अभिनत कहलाते हैं। मॉलो का C_p मानदंड इस प्रकार के अभिनति का मूल्यांकन यह पता लगाने के लिए करता है कि क्या निष्पक्ष आकलकों से कोई महत्वपूर्ण विचलन उत्पन्न होता है। इस प्रकार, मॉलो का C_p मानदंड प्रतिस्पर्धी अर्थमितीय मॉडलों में से सर्वोत्तम का चयन करने में हमारी सहायता करता है।

यदि कुछ व्याख्यात्मक चर किसी मॉडल से हटा दिए जाते हैं तो वर्गों के शेष योगफल (RSS) में वृद्धि होती है। चलिए, मान लेते हैं कि वास्तविक मॉडल में k समाश्रयी हैं। इस मॉडल के लिए पद $\hat{\sigma}^2$ ही वास्तविक चर σ^2 का आकलक होगा।

मान लीजिए कि हम अपने मॉडल से p समाश्रयी हटा देते हैं। अब छाँटकर छोटा कर दिए गए मॉडल से प्राप्त वर्गों का शेष योगफल RSS_p कहलाएगा। मॉलो का C_p मानदंड निम्नलिखित सूत्र पर आधारित होता है–

$$C_p = \frac{RSS_p}{\hat{\sigma}^2} - (n - 2p) \qquad \dots (14.9)$$

जहाँ n प्रेक्षणों की संख्या है।

उक्त C_p मानदंड के अनुसार किसी मॉडल को चुनते समय निम्नतम C_p मान वाले मॉडल को वरीयता दी जाती है।

14.4 मॉडल चयन मानदंड के विषय में सावधानी

अब तक हम इस बात पर जोर देते आए हैं कि अर्थमितीय मॉडल आर्थिक सिद्धांत और तर्क पर ही आधारित होने चाहिए। अतः किसी भी अर्थमितीय मॉडल को निकुंचित करते समय आपको किसी भी चर को शामिल करने अथवा छोड़ देने की सैद्धांतिक उपयुक्तता पर ध्यान देना चाहिए। एक सुनिर्दिष्ट मॉडल प्राप्त करने के लिए सैद्धांतिक अवधारणाओं और संबद्ध शास्त्रों की गहन समझ आवश्यक है। साथ ही, वे जो मॉडल जो हम तय करते हैं, उतने ही अच्छे बन पाते हैं जितने कि अच्छे हमारे द्वारा एकत्र किए गए आँकड़े होते हैं। यदि एकत्र किए गए आँकड़े बहुसंरेखण अथवा स्वसहसंबंध से ग्रस्त न हों तो हमारे पास अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ़ मॉडल होने की संभावना होती है।

जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, किसी भी उपयुक्त मॉडल के चयन का मानदंड मुख्य रूप से उसके आधारभूत सिद्धांत और एकत्रित आँकड़ों की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। कई बार हम दो चरों के बीच कुछ संबंध देखते हैं। हालाँकि ऐसा संबंध सतही अथवा मिथ्या हो सकता है। चलिए, एक उदाहरण लेते हैं। किसी चौराहे पर बत्ती लाल होने पर वाहन रुक जाते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि सामने लाल बत्ती होने पर वाहन नहीं चल सकते। इसका अर्थ यह भी नहीं है कि चलते वाहनों पर यातायात संकेतों का कोई हानिकारक प्रभाव पड़ता है। यहाँ एकमात्र कारण है– यातायात नियमों का पालन। जब तक हम यातायात के नियमों को नहीं देखते और निगरानी रखते हुए नहीं चलते, तब तक हमारी विवेक बुद्धि गलत ही साबित होगी। आश्रित चर और स्वतंत्र चर दोनों ही किसी अन्य चर से प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे मामलों में संबंध गलत साबित हो जाता है।

अर्थमितीय मॉडलों के चयन के संबंध में आपको एक मुद्दे पर और ध्यान देना चाहिए। विभिन्न परीक्षण मानदंड भिन्न–भिन्न मॉडलों का सुझाव दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, आर्थिक तर्क से कहा जाएगा कि किसी भी विशिष्ट मुद्दे के लिए दो संभावित अर्थमितीय मॉडल (जैसे, मॉडल A और मॉडल B) हो सकते हैं। आपको ऐसी स्थिति का सामना भी करना पड़ सकता है कि परीक्षण मॉडल A का सुझाव दे और AIC मानदंड मॉडल B का सुझाव दे। ऐसी स्थितियों में आपको एकाधिक परीक्षण करने चाहिए और उसके बाद ही सबसे अच्छा मॉडल चुना जाना चाहिए। समायोजित R-वर्गित, मॉलो का C_p,*P*-मान, आदि अर्थमितिविद् को बिना अधिक स्पष्टता के विभिन्न समाश्रयण समीकरणों की ओर संकेत कर सकते हैं।

इस प्रकार, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि मॉडल चयन के लिए ऊपर सूचीबद्ध कोई भी तरीका अपने आप में पर्याप्त नहीं है। किसी अर्थमितीय मॉडल को निर्दिष्ट करते समय संबद्ध शास्त्रों की सैद्धांतिक समझ, सटीक रूप से एकत्र किए गए आँकड़े, समस्या की व्यावहारिक समझ, और सामान्य ज्ञान का कोई विकल्प नहीं है। 'मॉडल चयन मानदंड' विषय पर विस्तृत चर्चा हम 'BECC 142: व्यावहारिक अर्थमिति' नामक पाठ्यक्रम में करेंगे।

बोध प्रश्न 1

1) स्पष्ट करें कि मॉडल विनिर्देशन में पद $\bar{R}^2$ पद R^2 से बेहतर मानदंड क्यों होता है।

....

....

....

....

2) व्याख्या करें कि अर्थमितीय मॉडल के चयन में AIC और AIC मानदंड कैसे लागू किए जाते हैं।

....

....

....

....

3) किसी अर्थमितीय मॉडल का चयन करते समय आपको क्या सावधानी बरतनी चाहिए?

....

....

....

....

14.5 सार–संक्षेप

किसी उपयुक्त अर्थमितीय मॉडल का चयन एक दुष्कर कार्य है। इसके लिए हमें अपने अर्थमितीय मॉडल के आधारभूत आर्थिक सिद्धांत और तर्क को ध्यान में रखना होगा। किसी विशिष्ट मुद्दे के लिए अनेक प्रतिस्पर्धी मॉडल हो सकते हैं।

ऐसे कुछ मानदंड उपलब्ध हैं जिनके आधार पर ही सर्वोत्तम अर्थमितीय मॉडल का चयन किया जाता है। ये मानदंड हो सकते हैं– $\bar{R}^2$ और मॉलो का C_p मानदंड। इस इकाई में इन परीक्षण मानदंडों के सूत्रों का भी वर्णन किया गया है।

14.6 बोध प्रश्नों के उत्तर अथवा संकेत

बोध प्रश्न 1

1) हमने R^2 और $\bar{R}^2$ के बीच तुलना पाठांश 14.3.1 में की है। पद $\bar{R}^2$ स्वतंत्रता की कोटि को ध्यान में रखता है।

2) आपको AIC और BIC मानदंडों में प्रयुक्त परीक्षण आँकड़ों का वर्णन करना चाहिए (देखें खंड 14.3)। परीक्षण आँकड़ों के न्यूनतम मान वाले मॉडल को प्राथमिकता दी जाती है।

3) पाठांश 14.4 का अध्ययन करें और उत्तर दें।

परिशिष्ट सारणीयाँ

सारणी **A1:** प्रसामान्य क्षेत्र सारणी

Z	0.00	0.01	0.02	0.03	0.04	0.05	0.06	0.07	0.08	0.09
0.0	0.0000	0.0040	0.0080	0.0120	0.0160	0.0199	0.0239	0.0279	0.0319	0.0359
0.1	0.0398	0.0438	0.0478	0.0517	0.0557	0.0596	0.0636	0.0675	0.0714	0.0753
0.2	0.0793	0.0832	0.0871	0.0910	0.0948	0.0987	0.1026	0.1064	0.1103	0.1141
0.3	0.1179	0.1217	0.1255	0.1293	0.1331	0.1368	0.1406	0.1443	0.1480	0.1517
0.4	0.1554	0.1591	0.1628	0.1664	0.1700	0.1736	0.1772	0.1808	0.1844	0.1879
0.5	0.1915	0.1950	0.1985	0.2019	0.2054	0.2088	0.2123	0.2157	0.2190	0.2224
0.6	0.2257	0.2291	0.2324	0.2357	0.2389	0.2422	0.2454	0.2486	0.2517	0.2549
0.7	0.2580	0.2611	0.2642	0.2673	0.2704	0.2734	0.2764	0.2794	0.2823	0.2852
0.8	0.2881	0.2910	0.2939	0.2967	0.2995	0.3023	0.3051	0.3078	0.3106	0.3133
0.9	0.3159	0.3186	0.3212	0.3238	0.3264	0.3289	0.3315	0.3340	0.3365	0.3389
1.0	0.3413	0.3438	0.3461	0.3485	0.3508	0.3531	0.3554	0.3577	0.3599	0.3621
1.1	0.3643	0.3665	0.3686	0.3708	0.3729	0.3749	0.3770	0.3790	0.3810	0.3830
1.2	0.3849	0.3869	0.3888	0.3907	0.3925	0.3944	0.3962	0.3980	0.3997	0.4015
1.3	0.4032	0.4049	0.4066	0.4082	0.4099	0.4115	0.4131	0.4147	0.4162	0.4177
1.4	0.4192	0.4207	0.4222	0.4236	0.4251	0.4265	0.4279	0.4292	0.4306	0.4319
1.5	0.4332	0.4345	0.4357	0.4370	0.4382	0.4394	0.4406	0.4418	0.4429	0.4441
1.6	0.4452	0.4463	0.4474	0.4484	0.4495	0.4505	0.4515	0.4525	0.4535	0.4545
1.7	0.4554	0.4564	0.4573	0.4582	0.4591	0.4599	0.4608	0.4616	0.4625	0.4633
1.8	0.4641	0.4649	0.4656	0.4664	0.4671	0.4678	0.4686	0.4693	0.4699	0.4706
1.9	0.4713	0.4719	0.4726	0.4732	0.4738	0.4744	0.4750	0.4756	0.4761	0.4767
2.0	0.4772	0.4778	0.4783	0.4788	0.4793	0.4798	0.4803	0.4808	0.4812	0.4817
2.1	0.4821	0.4826	0.4830	0.4834	0.4838	0.4842	0.4846	0.4850	0.4854	0.4857
2.2	0.4861	0.4864	0.4868	0.4871	0.4875	0.4878	0.4881	0.4884	0.4887	0.4890
